# डायट बड़कोट में गांधी व शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई

## प्राचार्य संजीव जोशी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गांधी,शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किया

**अमर हिन्दुस्तान**

**बड़कोट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट, उत्तरकाशी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य संजीव जोशी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गांधी,शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और स्वदेशी के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान, जय किसानर के नारे की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षुओं द्वारा गांधी जी के भजन रघुपति राघव राजा राम, देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भाषण प्रस्तुत किए गए, जिससे वातावरण देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत हो गया। प्राचार्य ने कहा कि-




महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन आज भी हमें सादगी, सेवा और राष्ट्रहित के लिए समर्पण का संदेश देता है। हमें इन महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन एवं शिक्षण-प्रशिक्षण कार्य में अपनाना चाहिए। इस दौरान संस्थान के संकाय सदस्य हेमू बिष्ट, बृजेश मिश्रा, संजय भट्ट, मो अरशद अंसारी, गोपाल सिंह राणा, शांति रतूड़ी , सुशील चंद्र जोशी, टीकाराम सिंह रावत, संगीता रावत , रिचा उनियाल, सत्या चमोली, प्रमिला नेगी एवं अनुज थपलियाल मौजूद रहे।


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
महात्मा गाँधी जयंती
एवं


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
उत्तराखण्ड शासन
महात्मा गाँधी जयंती
एवं
लालबहादुर शास्त्री जयंती
समारोह
DIET.BKT
T.E./IFIC/2024-25






जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
महात्मा गाँधी जयंती
एवं
लालबहादुर शास्त्री जयंती
समारोह